# पहलगामः शहीदों की याद में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

गांव चमरोडी में मंगलवार को एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने पर गहरा शोक प्रकट किया। वहीं ग्रामीणों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिवारों के प्रति सदस्यों ने अपनी संवेदना व्यक्त की।

*गांव चमरौड़ी के ग्रामीणों ने आत्मिक शांति के लिए निकाला मार्च*



यमुनानगर। गांव चमरोड़ी में मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करते ग्रामीण।

### आतंकी घटना से देशवासियों में रोष

किसान सभा के सदस्य यशपाल व महिपाल चमारखेड़ी ने बताया कि सभी देशवासियों में आतंकवादियों के इस जघन्य अपराध के प्रति काफी रोष है। सरकार इन आतंकवादियों को तलाश कर कड़ी से कड़ी सजा दे। स्थानीय लोगों ने आपदा के समय काफी सैलानियों की सहायता कर सामाजिक भाईचारे की मिसाल दी। समाज की एकता ही आतंकवाद को पूरी तरह से नष्ट कर सकती है। महिपाल चमरोड़ी ने कहा कि गांव में हमेशा से ही भाईचारा रहा है। आगे भी सभी ग्रामीण मिलकर भाईचारे को कायम रखेंगे।

## युवक पर नुकीले हथियारों से हमला, पिता दो पुत्रों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**यमुनानगर।** गांव मोहीयुदीनपुर नगला में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर युवक पर नुकीले हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने पिता-पुत्रों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहीयुदीनपुर नगला निवासी जुलफकार ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही कमलुदीन के साथ विवाद हुआ था। लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। 27 अप्रैल को रात नौ बजे आरोपी ने रंजिश के चलते अपने लड़कों कामिल व नसीम के साथ मिल कर उस पर नुकीले हथियार व लाठी डंडों से हमला कर दिया व उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## खबर संक्षेप

### धौलरा के भगवान बलभद्र मंदिर में मेला आज

**रादौर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार को गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय प्रसिद्ध व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेकर भगवान बलभद्र के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर व माथा टेक कर प्रार्थना करेंगे। साथ ही अपने परिजनों के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। मेले के आयोजक व गांव धौलरा के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान बलभद्र जी के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें अवश्य पूरी होती हैं। भगवान बलभद्र जी की मूर्ति सैंकड़ों वर्ष पहले तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी। जिसके बाद मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया।

### पक्षियों के पानी के लिए देंगे मिट्टी के कसोरे

**रादौर।** मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में बुधवार को गर्मी के मौसम को देखते हुए मिट्टी के कसोरा वितरित करेंगे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इनके अलावा नगरपालिका चेयरमैन व सभी पार्षद भी भाग लेंगे। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के पीने के लिए मिट्टी के कसौरे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी कार्यक्रम में भाग लेकर पक्षियों के लिए मिट्टी के कसौरे अवश्य वितरित करवाएं।

### वार्ड पांच व 16 में सफाई व्यवस्था और नालों का किया औचक निरीक्षण

# सफाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

*अब दोपहर दो बजे से पांच बजे तक शहर में रोजाना चलेगा सफाई अभियान सुमन बहमनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



यमुनानगर। सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर निर्देश देती मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम द्वारा अब रोजाना दोपहर बाद दो बजे से शाम पांच बजे तक प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में गंदगी वाले स्थानों को साफ किया जा रहा है। अभियान के तहत बेहतर सफाई व्यवस्था व नालों की सफाई को लेकर मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड पांच व 16 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर बहमनी ने दोनों स्थानों पर दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान का जायजा लिया। मेयर ने नालों व क्षेत्रों की सफाई की गहनता से जांच की। वहीं, उन्होंने दोनों मुख्य सफाई निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिए कि यदि सफाई व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई व लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। जिन क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है यदि उन स्थानों पर गंदगी मिली तो उचित कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### सफाईकर्मियों और आम लोगों के साथ की बातचीत

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी सबसे पहले जोन एक के वार्ड नंबर पांच की अशोक विहार कॉलोनी पहुंची। यहां उन्होंने वार्ड पार्षद भानू प्रताप के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कॉलोनी के नालों, प्रत्येक गली व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था जांची। साथ ही अभियान के तहत सफाई कर रहे कर्मचारियों से बातचीत की और जिन कर्मियों द्वारा अच्छा कार्य किया गया, उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बातचीत की और सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए उन्हें खुले में कचरा न डालने की अपील की। उन्होंने वार्डवासियों से आह्वान किया कि वे डोर टू डोर उनके घर के पास आने वाले टिप्परों में ही घर से निकला कचरा डाले। कचरा न तो नालों में बहाए और न ही खुले में या खाली प्लाट में फेंके। उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व अन्य सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने जोन में सफाई व्यवस्था पर पूरी निगरानी रखें। अभियान के तहत जिन क्षेत्रों में गंदगी है, वहां पर पूरी सफाई करें। सफाई करने के बाद भी यदि वहां गंदगी मिली तो उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसके बाद मेयर बहमनी जोन नंबर दो के वार्ड 16 में पहुंची। यहां उन्होंने जोगिंद्र विहार कॉलोनी में चलाए जा रहे सफाई अभियान का पार्षद संदीप धीमान के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सभी गलियों व नालियों की सफाई का जायजा लिया। साथ ही वार्ड के लोगों से बातचीत की।

### समाधान शिविर में आईं छह शिकायतें मौके पर ही समस्याओं का समाधान



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में छह शिकायतें प्राप्त हुई। जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को समाधान शिविरों में पहुंचने वाली शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे हैं।

**इन शिकायतों का समाधानः** शिविर में छह शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें कश्मीर कॉलोनी निवासी तेजिंद्र कुमार ने बिजली बोर्ड के खंबे प्लाट से उठवाने, खेड़ा बाजार जगाधरी निवासी पुनीत गोयल ने सीवरेज का मेन हॉल बदलने, मटका चौक जगाधरी निवासी किरण सिंह ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायत रखी। वीनानगर निवासी सरोज बाला ने बिजली का बिल कम करवाने की शिकायत रखी। यमुनानगर निवासी अनिल वर्मा ने अपनी गुमशुदा लड़की की पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने बारे समस्या रखी। इसी प्रकार शिवपुरी निवासी सन्नी ने कचरा कारखाना हटवाने बारे समस्या रखी।



यमुनानगर। हमीदा में पीस कमेटी की बैठक लेते चौंकी इंचार्ज।

## शांति और सौहार्द बनाए रखने को ली पीस कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

- हमीदा चौकी इंचार्ज ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील
- सदस्यों को पीस कमेटी गठित करने का उद्देश्य भी बताया आमजन और पुलिस में आपसी तालमेल बनाकर रखना हमारी प्राथमिकता

हमीदा पुलिस चौंकी इंचार्ज जसवंत सैनी ने मंगलवार को मौजिज व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में लोगों को शांति पूर्वक और भाईचारे से रहने की अपील की गई।

चौंकी इंचार्ज जसवंत सैनी ने पीस कमेटी के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि जो भी शरारती तत्व कानून एवं शांति व्यवस्था और समाज का माहौल को खराब करने की कोशिश करें उसकी सूचना बिना किसी डर, भय के पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। स्पष्ट किया गया कि किसी भी तरह का अवरुद्ध डालने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसी शिकायत मिलने पर कार्रवाई का विकल्प खुला है।

### किसी को कोई परेशानी हो तो तुरंत दें पुलिस को सूचना

किसी को कोई परेशानी हो तत्काल पुलिस को सूचना दे। अराजक तत्वों से सावधान रहें। अशांति पैदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करना और आमजन व पुलिस सहयोग को मजबूत करना था। बैठक के दौरान पीस कमेटी बनाने का उद्देश्य बताया और बैठक में मौजूद सभी लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पीस कमेटी न्याय और शांतिपूर्ण समाज के लिए जनता और पुलिस के बीच शांति और भाईचारा प्रदान करती है। जिला पुलिस के साथ आमजन से तालमेल बनाने के उद्देश्य से पीस कमेटी बनाई गई है। जिसकी सफलता के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है।



रादौर। 41 दिवसीय नौ धुनी तपस्या का पूजा अर्चना कर शुभारंभ करते ग्रामीण।

## यमुना के तट पर स्वामी राजनाथ ने किया 41 दिवसीय नौ धूणी तपस्या का शुभारंभ

- भगवान वाल्मीकि वेलफेयर सोसायटी साधु अखाड़ा द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**रादौर।** भगवान वाल्मीकि वेलफेयर सोसायटी साधु अखाड़ा के तत्वाधान में मंगलवार को स्वामी वाल्मीकि चेतना आनंद के सानिध्य में स्वामी राजनाथ महाराज ने यमुना नदी के तट पर 41 दिवसीय 9 धूणी तपस्या का विधि विधान से शुभारंभ किया। साधु अखाड़े के पंडित व सोसायटी के राष्टीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र भारद्वाज द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राकेश नरवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर पूजा अर्चना कर सभी संतों के गले में फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रामनाथ योगी नाहरपुर, कर्मनाथ योगी, सरपंच विनोद, प्रीतम, भगता, राजपाल, रमेश चंद, राकेश, गोविंद, जॉनी, सुशील व सन्नी आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालक पर बैग चोरी करने का लगाया आरोप

- बैग में थे 8 हजार रुपये, अंगूठी, बालियां और अन्य सामान

**यमुनानगर।** जिले के ससौली में आई महिला का बैग चोरी हो गया। महिला ने ई रिक्शा चालक पर उसका बैग चोरी करने का आरोप लगाया। बैग में आठ हजार रुपये, सोने की अंगूठी, बालियां व अन्य सामान था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश के देवबंद निवासी तबसुम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यमुनानगर के ससौली एरिया में किसी काम से आई थी। इस दौरान वह ई रिक्शा में सवार होकर जा रही थी। आरोप है कि ई रिक्शा चालक ने उसका बैग चोरी कर लिया। जिसमें आठ हजार रुपये, सोने की अंगूठी, बालियां, दस्तावेज, कपड़े व अन्य सामान था। उसने आरोपी ई रिक्शा चालक की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल आरोपी का पता नहीं चल पाया था।



## गांव बुड़िया के पास बुलेट बाइक से टकराया ट्रैक्टर, चालक घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी के बुड़िया चौक के पास लक्कड़ से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर मौके से फरार हो गया। गांव घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। घायल की पहचान प्यून निवासी गंगानगर कालोनी जगाधरी के रूप में हुई। घायल प्यून के बड़े भाई ने बताया कि वह बुलेट बाइक पर घर से ड्यूटी के लिए निकला था। जब वह बुड़यि चौक के नजदीक पहुंचा तो लक्कड़ से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने डॉयल 112 पर पुलिस को सूचना दी। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया। बुड़यि गेट पुलिस चौकी के जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बुलेट बाइक सवार को टक्कर मार दी।

## मत्स्य पालन के क्षेत्र में हरियाणा का पूरे देश में अलग मुकाम : रितु वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

- गांव औरंगाबाद में मत्स्य पालन को लेकर जागरूकता शिविर का किया आयोजन

मत्स्य पालन विभाग के तत्वावधान में मत्स्य पखवाड़ा के तहत गांव औरंगाबाद में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न गावों के युवाओं, किसानों तथा महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मत्स्य अधिकारी दिलबाग सिंह ने की।

राष्टीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की जिला विकास प्रबंधक रितु वर्मा ने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में हरियाणा राज्य का एक अलग मुकाम है। हरियाणा के लोग मत्स्य पालन के कार्य को बहुत अच्छे से कर रहें है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत नये तालाबों की खुदाई पर निजी तालाबों की खुदाई पर धनराशि 1100000 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोजेक्ट पर सामान्य श्रेणी के लिए 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व महिला किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इसी प्रकार से साईकिल के साथ आईस बाक्स की खरीद पर धनराशि 10000 रुपये प्रति यूनिट पर सामान्य श्रेणी के लिए 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व महिला किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। मोटरसाइकिल के साथ आईस बाक्स की खरीद पर धनराशि 75000 रुपये प्रति यूनिट पर सामान्य श्रेणी के लिए 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व महिला किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। तिपहिया-चौपहिया के साथ आइस बाक्स की खरीद पर धनराशि 300000 रुपये प्रति यूनिट पर सामान्य श्रेणी के लिए 40 प्रतिशत तथा एससी व महिला किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

एससी परिवार वेलफेयर स्कीम में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को पंचायती तालाबों को पट्टे पर लेने पर प्रथम पटटा धनराशि पर 50000 या 50 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर व द्वितीय व आगामी पांचवें वर्ष तक धनराशि पर 40000 रुपये या 40 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाता है। मत्स्य विभाग से आए दीपक सैनी तथा योद्धा द्वारा भी किसानों को मत्स्य पालन हेतू जानकारी दी गई।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में 5 दिवसीय ड्रोन बूटकैंप कार्यक्रम शुरू

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर



यमुनानगर। रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर विज्ञान व इंजीनियरिंग विभाग ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोबोटिक्स के तत्वावधान में ड्रोन बूटकैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बूटकैंप राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के सहयोग से हुआ। यह इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा समर्थित ड्रोन तकनीकों में मानव संसाधन विकास हेतु क्षमता निर्माण परियोजना का हिस्सा है।

पांच दिवसीय बूटकैंप 3 मई तक चलेगा। जिसमें कुल 115 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के डिजाइन, नियंत्रण और अनुप्रयोग में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण किट वितरित की गईं। बूटकैंप के उद्घाटन कॉलेज निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने किया। उन्होंने भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने को छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान के विकास पर बल दिया। दोनों संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों से प्रशिक्षण सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। रोबोटिक्स विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार ड्रोन डायनेमिक्स और वास्तविक नियंत्रण तंत्र पर अपने अनुभव सांझा किए। डॉ. महेश पाल ने छात्रों को ड्रोन तकनीक के बारे जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. गौरव, डॉ. एलएस रीन, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. नवदीप, कपिल देव, रितु शेरोन, शिल्पा व सिमरन आदि मौजूद रही।

### सतर्कता जरूरीः अनजान खाते से पैसे ट्रांसफर हों तो रहें सावधान

# किसी हड़बड़ाहट में न करें कोई कामः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



- यूपीआई पेमेंट करने वालों के लिए हो सकता है बड़ा खतरा
- सुरेंद्र भौरिया

जिला पुलिस ने यूपीआई के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी को लेकर जनता को जागरूक किया है। जंप्ड डिपॉजिट स्कैम मोबाइल बैंकिंग यूजर्स और खासकर यूपीआई पेमेंट करने वालों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। जिला पुलिस ने इस धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है।

इसमें ठग पैसे चुराने के लिए पीड़ति की जिज्ञासा और विश्वास का फायदा उठाते हैं। इस स्कैम में जालसाज पीड़ति के बैंक खाते में छोटी रकम भेजकर उन्हें निशाना बनाते हैं। इस दौरान जब पीड़ति अपना बैलेंस चेक करता है तो वह अनजाने में निकासी अनुरोध को मंजूरी दे देता है, जिससे जालसाज उसके खाते से पैसे हासिल कर लेते हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने लोगों से ऐसे पैसे आने पर सतर्क रहने और तुरंत बैलेंस चेक करने के लिए अपना पिन दर्ज करने से बचने की अपील की है। इस स्कैम में जालसाज यूजर्स के त्वरित एक्शन का फायदा उठाते हैं और तब पीड़ति अनजाने में निकासी को मंजूरी दे देते हैं।

### जंप्ड डिपॉजिट स्कैम से कैसे बचें, इंतजार करें

जम्प्ड डिपॉजिट स्कैम से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जब भी आपको किसी अनजान नंबर से पैसा प्राप्त हो तो सावधानी बरतें। सबसे जरूरी बात तुरंत अपना बैलेंस चेक करने से बचें। कम से कम 15 से 30 मिनट तक प्रतीक्षा करें और फिर बैलेंस चेक करें। इसके अलावा आप किसी भी एक्टिव ट्रांजैक्शन रिक्वेस्ट को कैंसिल करने के लिए पहले गलत पिन दर्ज कर सकते हैं। अज्ञात स्त्रोतों से मिली रकम के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सीधे अपने बैंक से संपर्क करें। थोड़ी सावधानियों का पालन करके ऐसे स्कैम का शिकार होने से बचा जा सकता है।

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सावधानी में ही बचाव है। आजकल के डिजिटल युग में साइबर अपराधी लोगों की खून-पसीने की कमाई को हड़पने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि हर व्यक्ति को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी हो जिससे आप अपना पैसा सुरक्षित रख सकते हैं। यह सिर्फ पैसों तक सीमित नहीं है अपराधी आपकी निजी जानकारी का गलत उपयोग भी कर सकते हैं। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो जाती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करें। जितनी जल्दी आप शिकायत देंगे आपके पैसे वापस आने की संभावना उतनी ज्यादा होगी।

### कैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने से बचे

जम्प्ड डिपॉजिट स्कैम में ठग यूपीआई के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग इस्तेमाल करने वाले लोगों को निशाना बनाते हैं। अपराधी पीड़ति की जानकारी के बिना उसके बैंक खाते में एक छोटी राशि जो आमतौर पर 1000 से 5000 रुपये तक होती है, जमा करते हैं। इससे उस अकाउंट के यूजर्स को पैसे जमा होने का मैसेज आता है। जिसके चलते यूजर अपना अकाउंट बैलेंस चेक करने के लिए बैंकिंग ऐप खोलता है और तभी पीड़ति को अपना यूपीआई पिन दर्ज करके जमा को सत्यापित करने का लालच दिया जाता है। इससे अनजाने में ठग द्वारा भेजे गए पैसे निकासी अनुरोध को मंजूरी मिल जाती है और पैसे ठग के पास पहुंच जाते हैं।

